# 7.1.11 Institution celebrates / organizes National and International Commemorative Days, Events, And Festivals

150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi

Through cleaning the college campus and nurturing plants, Hamidia students spread message of cleanliness and environmental protection of the Father of the Nation



- 150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi with the objective to sensitize students and faculty and introduce them to the environmental relevance in Gandhian Philosophy and ideology
- Keynote Speaker - Dr. S. N. Subbarao renowned Gandhian thinker, social activist and founder of National Youth Project.



पत्रिका PLUS

BHOPAL THURSDAY 17/01/2019 { 14

CITYLIVE

हमीदिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से व्याख्यान का आयोजन

# इतिहास का पाठ यही है जो तोड़ेंगे वे टूटेंगे : सुब्बाराव

## हर युवा एक घंटा देह को और एक घंटा देश को दे : सुब्बाराव

भोपाल ♦ नौजवान आओ रे नौजवान गाओ रे, लो कदम मिलाओ ये, लो कदम बढ़ाओ रे... इस गीत की पंक्तियों के साथ 90 वर्षीय गांधीवादी चिंतक और विश्व में शांति के लिए काम कर रहे डॉ. एस एन सुब्बाराव ने अपना उद्बोधन शुरू किया तो पूरा सभागार ऊर्जा से भर गया और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वे शासकीय हमीदिया कला और वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महात्मा गांधी के 150वे जयंती वर्ष पर आयोजित व्याख्यान में 'नव भारत की संकल्पना' विषय पर युवाओं को संबोधित कर रहे थे। डॉ. सुब्बाराव ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास कुछ करने का हौसला और चिंतन करने की क्षमता है तो मैं 88 वर्ष का होकर भी नौजवान हूं जबकि कोई व्यक्ति 18 वर्ष का है और उसके कोई सपने और कुछ कर गुजरने का हौसला नहीं है तो वह बुजुर्ग हैं। मैं इसी सिद्धांत पर इस उम्र में भी युवाओं के साथ काम कर रहा हूं, आज हम भारत को विश्व में सिरमौर बनाना चाह रहे हैं तो उसके लिए आवश्यकता है एक स्वस्थ मन की। उसके लिए हमें एक घंटा देह को और एक घंटा देश को देना होगा।

### भारत जैसी विविधता किसी भी देश में नहीं

उन्होंने कहा कि भारत जैसी विविधता किसी भी देश में नहीं है। इस धरती ने दुनिया के चार बड़े धर्मों को जन्म दिया। जहां हजारों भाषा बोली जाती हैं। आज हमें संवेदनशील बनने की आवश्यकता है, संवेदनाओं का मर जाना राष्ट्र निर्माण में बहुत ही घातक है, नहीं तो घटनाएं होती रहेगी और हम मूक दर्शक बनकर देखते रहेंगे।

### अपने कामों से ला सकते हैं बदलाव

उन्होंने कहा कि आज बंदूक से बदलाव नहीं आएगा। बदलाव तो हम कार्यों से ही ला सकते हैं। युवा पीढ़ी ही जात-पात के बंधन को तोड़कर समाजिक समरसता को आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने युवाओं से कहा कि समाज में अच्छे माहौल को बनाए रखने के सक्रिय युवाओं को सकारात्मक कार्य करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। चुप्पी साधने से कुछ नहीं होने वाला। अंत में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें 1942 में जिस तिरंगे को अंग्रेजों से छुपाना पड़ता था, 1947 में देश आजाद हुआ तो वहीं तिरंगा शान से लहराया। उस क्षण को मैं अभिव्यक्त नहीं कर सकता। यह मेरे जीवन का सबसे रोमांचकारी क्षण था।



जागरण Lake सिटी

दैनिक जागरण

www.jagranmp.com/epaper

दो लफ्ज | फलक देता है जिनको ऐश उनको गम भी होते हैं, जहां बजते हैं नक्कारे वहां मातम भी होते हैं।
○ दाग

# हर युवा एक घंटा देह को, एक घंटा देश को दे : डॉ. सुब्बाराव

हमीदिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा व्याख्यान का आयोजन

● लेक सिटी रिपोर्टर ●

'नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे, लो कदम मिलाओ ये, लो कदम बढ़ाओ रे' इस गीत की पंक्तियों के साथ 90 वर्षीय गांधीवादी चिंतक और विश्व में शांति के लिए काम कर रहे डॉ. एसएन सुब्बाराव ने अपने उद्बोधन का प्रारंभ किया। वह बुधवार को हमीदिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महात्मा गांधी के 150वें जयंती वर्ष पर आयोजित व्याख्यान में 'नव भारत की संकल्पना' विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह परिहार एवं सचिव गांधी भवन न्यास दयाराम नामदेव एवं अभिषेक अज्ञानी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने की।

### हौसला और चिंतन करने की है क्षमता, तो 88 वर्ष में भी नौजवान

डॉ. सुब्बाराव ने कहा कि अगर व्यक्ति के पास कुछ करने का हौसला और चिंतन करने की क्षमता है तो 88 वर्ष का होकर भी नौजवान है, जबकि कोई व्यक्ति 18 वर्ष का है और उसके कोई सपने और कुछ कर गुजरने का हौसला नहीं है तो वह बुजुर्ग है। मैं इसी सिद्धांत पर इस उम्र में युवाओं के साथ काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा आज हम भारत को विश्व में सिरमौर बनाना चाह रहे हैं, तो उसके लिए आवश्यकता है एक स्वस्थ मन की, उसके लिए हमें एक घंटा देह को और एक घंटा देश को देना होगा।

### बंदूक से नहीं कार्यों से आएगा बदलाव

उन्होंने कहा कि आज बंदूक से बदलाव नहीं आएगा, बदलाव तो हम कार्यों के सहारे ही ला सकते हैं। युवा पीढ़ी ही जात-पात के बंधन को तोड़कर सामाजिक समरसता को आगे बढ़ा सकती है। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे माहौल को बनाए रखने के लिए सक्रिय युवाओं को सकारात्मक कार्य करते हुए आगे बढ़ना चाहिए, चुप्पी साधने से कुछ नहीं होने वाला। इस दौरान जिला संगठक रासेयो डॉ. आरएस नरवरिया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य को सम्मानित किया गया।

World Youth Day
12/08/2019
Students participate in a collaborative programme with Red Ribbon Club for spreading awareness about HIV-AIDS. They wrote appropriate slogans, organised public dialogue on the need for educating masses about AIDS and administered oath

city भास्कर
HOPAL, THURSDAY, 15/08/2019

## हमीदिया कॉलेज में हुई नारा लेखन प्रतियोगिता

**सिटी रिपोर्टर |** विश्व युवा दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एचआईवी एड्स के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता, परिचर्चा और शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी, एड्स शिक्षा क्यों जरूरी है? विषय पर नारा लेखन, प्रतियोगिता और चर्चा आयोजित की गई। नारा लेखन प्रतियोगिता में कॉलेज स्टूडेंट्स ने सावधानी को बनाए रखो, एड्स से खुद को बचाए रखो जैसे कई नारे लिखे।

# Good Governance Day 25/12/2018

On the birth anniversary of former Prime Minister Atal Bihari Vajpayee, students and the faculty of Hamidia College take oath of good governance, which aims at fostering accountability in government



भोपाल, मंगलवार 25 दिसंबर 2018 06

पीपुल्स समाचार

www.peoplessamachar.co.in

छात्रों ने ली सुशासन की शपथ

## **Swami Vivekanand Jayanti**, 12th January

Also celebrated as the National Youth Day, it drew attention of large number of students. ‘Life, works and philosophy of Swamiji’ was the subject of discussion. MP & CG State Head of Vivekanand Kendra, Kanyakumari, Ms Bramhacharini Rachna was the keynote speaker. NSS Wing of Hamidia coordinated the programme.

# राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चर्चा




निर्दलीय संवाद

भोपाल। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में "स्वामी विवेकानंद के जीवन,विचारों पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी ब्रम्हचारिणी रचना, निर्दलीय समाचार पत्र समूह सह प्रकाशन के संपादक प्रिंस अभिशेख अज्ञानी, यूनिक आर्केस्ट्रा ग्रुप के संस्थापक प्रमुख मोहम्मद अजहर सिद्दीकी तथा समाज शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ.सुधीर शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत रा.से.यो. परम्परा अनुसार तिलक लगाने के उपरांत बिल्ला तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। उसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. [illegible] कुमार जैन ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। समाजशास्त्र प्राध्यापक श्री सुधीर कुमार शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी व रासेयो जिला संगठक डॉ.राजेंद्र सिंह नरवरिया व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद शाक्य के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आयोजन में महाविद्यलय के शिक्षक व रासेयो स्वयंसेवक छात्र उपस्थित रहे। मुख्य भूमिका में रासेयो स्वयंसेवक दीपक भत्रारे,राकेश पंडित,गणेश तिलगाम, नितिन परिहार,अभिषेक रघुवंशी, नीरज श्रीवास,शुभम,आकाश सोनी,श्याम सुंदर [illegible] तथा चेतन साहू आदि रहे।

नव भारत
भोपाल | मंगलवार | 10 जनवरी, 2017 | वर्ष 65 | अंक 329 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 2.50 | www.navabharat.net

## मजबूत लोकतंत्र में युवा एवं भावी मतदाता की भूमिका अहम



भोपाल, 9 जनवरी. शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल में मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सातवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

इसमें 8 महाविद्यालयों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने निबंध, वाद-विवाद, स्लोगन तथा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया. वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान शुभम चौहान का रहा तथा विपक्ष में प्रथम स्थान गब्बर सिंह का रहा. चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम विजय गहरवार रहे.

नारा लेखन में अतुल सिंह राजावत प्रथम रहे. निबंध प्रतियोगिता का विषय मजबूत लोकतंत्र में युवा एवं भावी मतदाता की भूमिका तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय इस सदन की राय में युवा एवं भावी मतदाता प्रजातंत्र की रीढ़ है और चित्रकला प्रतियोगिता का विषय ई.वी.एम. एवं मतदान केंद्र रहा तथा युवा मतदाता देश का भविष्य विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई. आज की भूमिका डॉ. मीता वर्मा, डॉ. विकास जाउलकर, डॉ. उषा शर्मा ने तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आर.एस. नरवरिया ने किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन ने की.

### नारा लेखन में अतुल सिंह राजावत प्रथम

Hon Governor Anandiben Patel felicitating winner of Debate on National Voters Day : 25.01.2019

city भास्कर
BHOPAL, MONDAY, 28/01/201

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में शुभम फर्स्ट



सिटी रिपोर्टर |9वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मिंटो हॉल में
आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह 2019 में हमीदिया कला एवं
वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और एमए
समाजशास्त्र के स्टूडेंट शुभम चौहान को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल,
राज्य चुनाव आयुक्त बीपी सिंह, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बीएल कांता
राव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शुभम को यह पुरस्कार राज्य
विश्वविद्यालय और जिला स्तर पर निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित वाद-

- **Independence Day Rally**
- **15/08/2016**
- ‘Remember the Sacrifice’ was the theme call of ID Rally flagged off by the VC, Barkatullah Univ. Mr VD Sharma, Dy Chief, Nehru Yuvak Kendra was the Chief Guest. Students also planted saplings in Ravindra Bhawan and other places and took oath on cleanliness



८ निर्दलीय, भोपाल

२०१६, डाक संस्करण १९ अगस्त २०१६

भोपाल १८ अगस्त

# हमीदिया के रासेयो स्वयं सेवक दौड़े स्वतंत्रता दिवस रैली में

## युवा सम्मेलन में भी लिया भाग, किया पौधरोपण

निर्दलीय संवाद

भोपाल। शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में संचालित भारत शासन की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भी आज स्वतंत्रता के लिए दौड़ में बराबरी से दौड़े। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के रासेयो प्रकोष्ठ ने इसका आयोजन किया था। आजादी ७० याद करो कुर्बानी नामक पखवाड़े के तहत इस स्वतंत्रता रैली में हमीदिया महाविद्यालय के ८० छात्रों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत शासन के नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा थे। अध्यक्षता कुलपति प्राध्यापक मुरलीधर तिवारी ने की। वहीं नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा रविन्द्र भवन परिसर में आहूत पौधरोपण कार्यक्रम तथा पुराना विधायक विश्राम गृह स्थित शहीद भवन में आयोजित युवा सम्मेलन और स्वच्छता शपथ में संस्था के ५० स्वयं सेवकों ने सहभागिता की। इन स्वयं सेवकों में अतुल सिंह राजावत, शुभम चौहान, गब्बर सिंह, कुलदीप सिंह लोवंशी, महेन्द्र राजपूत, राहुल तिवारी, गणेश सिंह, सुशांत सिंह, मनोज मालवीय, आशीष गोदाम, अभिषेक प्रताप सिंह तोमर, आनंद नागले, समरजीत कुशवाहा, माखन कुशवाह, मोहम्मद सलमान व मो.दानिस के साथ कार्यक्रम अधिकारी डा.नरवरिया तथा डा.शाक्या भी बराबरी से उपस्थित थे।








**Independence Day Celebrations**

**15/08/2017**

- As part of ID Celebrations, cultural programme was organized. Students play drama, skit, etc.  in the college auditorium



**Republic Day 26/01/2017**

- College faculty during events after Flag Hoisting
- - Principal with the NCC cadets after their parade



**International Yoga Day**

**Practice of Yoga exercises and special lectures set the tune for forthcoming IYD. Dr Vinod Katare spoke on balancing mind, body and soul through Yoga**

# खुद से जोड़ता है योग




plus रिपोर्टर
editor.bhopal@epatrika.com


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य कॉलेज में योगाभ्यास कराया गया। इसमें स्टूडेंट्स को ताड़ासन, वक्रासन, भद्रासन, पश्चिमोत्तानासन, कपालभांति, भ्रामरी, अनुलोम विलोम इत्यादि कराए गए। यह अभ्यास डॉ. वंदना श्रीवास्तव ने कराया।

इसे पूर्व योग विषय पर डॉ. विनोद कटारे का व्याख्यान हुआ। इसमें उन्होंने योग को मन तथा इंदियों को संयमित करके खुद से जुड़ने का माध्यम बताया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.के त्रिवेदी, डॉ. जेएस दुबे, डॉ. मीता वर्मा आदि मौजूद रहे।

19.06.2016 पत्रिका

## NSS – 48th Establishment Day

## 26/09/2017

Orientation Programme for students was addressed by Head of Swami Vivekanand Kendra, Bhopal, Shri RB Kushwah, who focused on the Indian values, culture and morality. He called upon the students to follow Vivekanand's preaching.

पृष्ठ 20+12 ■ मूल्य 3.50 ■ भोपाल ■ मंगलवार . 26 सितंबर 2017 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत् 2074

पत्रिका

शुभ नवरात्र

# युवाओं का संकल्प ही बना सकता है भारत को फिर से विश्व गुरु : कुशवाह

### हमीदिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का 48 वां स्थापना दिवस



**भोपाल** ● शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के 48 वें स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा भोपाल के प्रमुख राम भवन कुशवाह ने कहा कि एक समय था जब हमारा भारत वर्ष अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था तब पूरी दुनिया भारत को तुच्छ व हीन समझती थी। ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद जी ही वह पहले महापुरुष थे जिन्होंने पूरी दुनिया को भारत के ज्ञान से अवगत करा यह बताया की पश्चिम तकनीक व विज्ञान में जरूर आगे है लेकिन नीति नैतिकता में उसे भारत की ओर ही देखना पड़ेगा। आज हमें विवेकानंद जैसे ही युवाओं की आवश्यकता है। युवा ही अपने

संकल्प से पुनः भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिला सकते हैं। इस अवसर पर रासेयो के जिला संगठन डॉ. आर एस नरवरिया कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य, विनीता सिंह, डॉ. अल्पना त्रिवेदी, डॉ. उषा शर्मा, प्राचार्य

# World No Tobacco Day
# 31/05

Students go in 'No Tobacco Rallies' through the roads of Bhopal, take oath to say no to tobacco, posters with appropriate slogans (*Tambako hai buri bala, khao piyo na, sahi salah* – Tobacco is a curse; neither eat it, nor smoke)



भोपाल १ जून २०१९, डाक २ जून २०१९

८ निर्दलीय, भोपाल　　भोपाल/इंदौर

## शराब तम्बाकू लेते हैं जान, अब तो समझ जाओ इंसान

निर्दली संवाद

भोपाल। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में आयोजित तम्बाकू धुम्रपान निषेध जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवक द्वारा नारे लगाते हुए-

**हुक्का बीड़ी और सिगरेट!**
**तीनो बताये नर्क के गेट!!**
**खुशियो का हो नया सवेरा!**
**नशा मुक्त हो भारत मेरा!!**

इन्ही नारो को लगाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको द्वारा तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए लोगो को जागरूक किया। दल नायक दानिश खान ने आज के युवा वर्ग जिस तरह सिगरेट हुक्का जैसी जानलेवा चीजों का इस्तेमाल करता है एक तरह फैशन के रूप में इस्तेमाल करता है जिससे वह अपना सारा जीवन खराब कर लेता है। थोड़ी सी देर के मजे के लिए अपनी सारी जिंदगी इस नशे के चक्कर में गवा बैठता है।

रा.से.यो.जिला संगठक डॉ राजेन्द्र सिंह नरवरिया ने स्वयं सेवकों को धूम्रपान एवं तंबाकू के इस्तेमाल से तरह.तरह की बीमारियों के बारे में बताया जिससे व्यक्ति का शरीर खोखला होता जाता है और तरह.तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। व्यक्ति उम्र से पहले ही चल बसता है। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पीके जैन ने तंबाकू निषेध पर शपथ दिलाई कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर.पी. शाक्य मुख्य भूमिका में दानिश खान, टीकाराम अमित मालवीय, आदित्य तिवारी, हर्ष मालवीय, पर्वत सिंह, प्रशांत शाक्य, प्रदीप, आदित्य कविया महाविद्यालय के अन्य स्वयंसेवक छात्र [illegible] रहे।



धार　भोपाल　03

भोपाल, शुक्रवार, 01 जून 2018

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस | कहीं निकाली रैली तो कहीं ली शपथ

**नारे लगा कर बताए दुष्प्रभाव**

1 तम्बाकू है बूरी बला खाओ पीयो न सही सला
2 नशे के दुष्प्रभाव समाज पर बच्चो व महिलाओ पर हिसा में शराब ही मूल कारण हैं
3 तम्बाकू में जहर है हर पल मौत का कहर हैं।
4 तम्बाकू का हर उपयोग तौफे में देता है रोग

**ली शपथ..** : हमीदिया कॉलेज के प्रचार्य डॉ.पीके जैन ने छात्रों को शपथ दिलाई एव सभी छात्रो से कहा तम्बाकू की लत लगना तो सरल है पर उसको छुड़ाना काफी मुशकिल है जैन ने तम्बाकू के दुरुप्रयोग बताए और सभी को इससे दूर रहने को कहा।

**भोपाल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शहर के कई हिस्सों से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे भी एकत्रित हुईं और तंबाकू से दूर रहने के लाभ बताए। वही दूसरी और गायत्री शक्तिपीठ एवं खेल एव युवा कल्याण विभाग द्वारा एक लम्बी रेली निकाली गई जिसमें लोगो ने बाइक पर पोस्टर लगाकर तम्बाकू से बचने के संदेश दिए।

# International Day against Drug Abuse and Illicit Trafficking

# 26/06/2019

Various events to know and practice what is preached

राष्ट्रीय सेवा
शास.हमीदिया
महाविद्यालय

2 भोपाल, मंगलवार, 27 जून, 2017 नवभारत



## क्षमता पर बुरा असर डालता है नशा

### नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस

भोपाल, 26 जून. पूरी दुनिया में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के कारण हत्या, लूटपाट, डकैती, महिलाओं के साथ दुष्कर्म इत्यादि जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है. इससे नौजवानों के सोचने समझने की क्षमता पर भी बुरा असर पड़ा है.

आज का युवा नशीले पदार्थों के सेवन में पड़कर सृजन की जगह विनाश की ओर अग्रसर है. यह बात भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के सदस्य व मुख्य अतिथि प्रोफेसर कुमार रत्नम ने कही. कुमार रत्नम सोमवार को शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में आयोजित नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर बोल रहे थे. कार्यशाला में इतिहास के ही प्रोफेसर अजय कुमार घोष, राष्ट्रीय सेवा योजना

#### कॉलेज में कार्यशाला

कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आर एस नरवरिया, डॉक्टर आरपी शाक्य युवा वक्ता गब्बर सिंह, शुभम चौहान व राहुल तिवारी ने भी अपनी बात रखी. संचालन मनीष बीलवान ने तथा अध्यक्षता डॉक्टर सुधीर त्रिवेदी ने की.

16 नवदुनिया भोपाल, मंगलवार 27 जून 2017

## युवाओं की क्षमता को प्रभावित कर रहा नशा

### हमीदिया कॉलेज में नशीले पदार्थों पर हुआ विमर्श

भोपाल। शासकीय हमीदिया कॉलेज में सोमवार को 'नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध' विमर्श का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के सदस्य व मुख्य अतिरिक्त प्रोफेसर कुमार रत्नम ने कहा कि पूरी दुनिया में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के कारण हत्या, लूटपाट, डकैती, महिलाओं के साथ दुष्कर्म इत्यादि जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। इससे नौजवानों के सोचने समझने की क्षमता पर भी बुरा असर पड़ा है। आज का युवा नशीले पदार्थों के सेवन में पड़कर सृजन की जगह विनाश की ओर अग्रसर है। कार्यशाला में इतिहास के प्रोफेसर अजय कुमार घोष, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य युवा वक्ता गब्बर सिंह, शुभम चौहान व राहुल तिवारी ने भी विचार रखे। सबने युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुधीर त्रिवेदी ने की। कार्यक्रम का संचालन मनीष बीलवान ने किया।

भोपाल २७ जून २०१९, डाक २८ जून २०१९

८ निर्दलीय, भोपाल भोपाल/इंदौर

## नशा प्रयोग व कारोबार रोकने हमीदिया के छात्रों ने ली शपथ

### नशा निवारण दिवस पर महाविद्यालय में विभिन्न आयोजन

निर्दलीय प्रतिनिधि

भोपाल। शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस विभिन्न गतिविधियों के बीच मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर व नारा प्रतियोगिताएं और परिचर्चा का आयोजन हुआ तथा उपस्थित छात्रों को नशीले पदार्थों का प्रयोग न करने एवं उसका अवैध व्यापार रोकने के लिये आगे आने की शपथ दिलाई गई। साथ ही तत्विषयक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई।



आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई तथा चित्रकला विभाग ने संयुक्त रुप से रखा था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रहलाद कुमार जैन ने रासेयो स्वयं सेवकों को मुख्य रुप से संबोधित किया। रासेयो जिला संगठक डॉ. राजेन्द्र सिंह नरवरिया, रासेयो कार्यक्रमाधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शाक्य, चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक भावसार, सह प्राध्यापक डॉ. रेखा धीमान, अंग्रेजी प्राध्यापक डा. विकास जाऊलकर व संस्कृत विभाग प्रमुख डॉ. हरिराम रैदास और दर्शनाशास्त्र प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार कटारे आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

पोस्टर स्पर्धा में प्रा. डॉ. आलोक भावसार व प्राध्यापक डॉ. रेखा धीमान तथा नारा प्रतियोगिता में प्रा. डॉ. विनोद कुमार कटारे एवं प्रा. राजेन्द्र प्रसाद शाक्य निर्णायक थे।

तत्विषयक परिचर्चा में भी छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने विचार रखे।

# World AIDS Day
## 1st December 2016
## Awareness Rally, Street Play

विश्व एड्स दिवस | रासेयो ने किया विश्व एड्स दिवस पर रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

# डरना नहीं, समझना होगा, तभी एड्स से होगा बचाव



लोकदेश प्रतिनिधि ● भोपाल

विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जागरुकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने समाज में जागरुकता के लिए एड्स पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया। रैली का शुभारंभ शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पीके जैन, मप्र.एड्स नियंत्रण समिति से डॉ.सुनीला राजा शर्मा एवं डॉ.आरएस नरवरिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली बुधवारा, छोटा तालाब, नीलम पार्क से होते हुए शा. बेनजीर महाविद्यालय में समाप्त हुई।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.अनंत कुमार सक्सेना, विशेष अतिथि राहुल सिंह परिहार एवं डॉ. विभा शुक्ला, प्राचार्य ने युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शुभम चौहान व आभार अतुल सिंह राजावत ने किया। डॉ.राकेश सक्सेना, डॉ. आरपी शाक्य, डॉ.एसके मल्होत्रा, डॉ.सरला पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली में शा. एमवीएममहा, शा.बेनजीर महा, शा.हमीदिया महा., एवं सेम महा. के लगभग 150 छात्र, छात्राओं ने सहभगिता की।

## एड्स के सबसे कम मरीज मध्यप्रदेश में

भोपाल। भारत में सबसे कम एड्स के मरीज मध्यप्रदेश में हैं, इसके बावजूद राज्य शासन ने एड्स रोग जांच परीक्षण के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों में केन्द्र खोले हैं। एड्स छुआछूत से फैलने वाला रोग नहीं है। इससे बचने के लिए सावधानी जरूरी है। गलत इंजेक्शन, ब्लड एक्सचेंज या अन्य गतिविधियों से एड्स फैलने का खतरा रहता है। लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री रूस्तम सिंह ने यह बात गुरुवार को मुरैना में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही। विधायक सूबेदार सिंह, सत्यप्रकाश सखवार, महापौर अशोक अर्गल, मध्यप्रदेश राज्य एड्स समिति के संचालक डॉ. मसूद अख्तर और स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे। मंत्री रुस्तम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि प्रदेश में एड्स के रोगी न हों। इसलिए पूरे प्रदेश में परीक्षण केन्द्र खोलकर लोगों को एड्स के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। श्री सिंह ने इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर रैली भी रवाना की। छात्र-छात्राओं की इस रैली ने शहर के मुख्य मार्गों से गुजरकर जागरुकता का संदेश लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया।

भोपाल | नवदुनिया 07 | भोपाल, शुक्रवार 02 दिसंबर 2016

# काफिला रोक, एड्स जागरूकता रैली में शामिल हुए सीएम



भोपाल। विश्व एड्स दिवस पर गुरुवार सुबह 11 बजे जेपी अस्पताल परिसर से एड्स से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकल रही थी। इसी बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला शिवाजी नगर चौराहे से होते हुए भाजपा कार्यालय की ओर जा रहा था। काफिला रोककर सीएम भी रैली में शामिल हो गए। उन्होंने कहा इस तरह के अभियानों से एचआईवी/एड्स में काफी गिरावट आई है। रैली में मप्र एड्स कंट्रोल सोसायटी के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. यूसी यादव, डिप्टी डायरेक्टर प्रशांत मलैया, डीएचओ डॉ. एनयू खान, डिस्ट्रिक्ट सुपरवाइजर राजीव पांडेय शामिल हुए। इसके अलावा नेहरू युवा केन्द्र भोपाल ने भी जागरूकता रैली निकाली। हमीदिया कॉलेज के छात्रों ने बुधवारा, छोटा तालाब, नीलम पार्क होते हुए रैली निकाली। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने रैली को हरी झंडी दिखाई।

दैनिक भास्कर | भोपाल, शुक्रवार 2 दिसंबर, 2016, 14

# नुक्कड़ नाटक, रैली से किया एड्स के प्रति जागरूक

### वर्ल्ड एड्स डे के मौके पर शहर में जगह-जगह हुए कई आयोजन



सिटी रिपोर्टर • विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने समाज में जागरूकता के लिए एड्स पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया। रैली का शुभारंभ शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके जैन, म.प्र. एड्स नियंत्रण समिति से डॉ. सुनीला राजा शर्मा एवं डॉ. आरएस नरवरिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली बुधवारा, छोटा तालाब, नीलम पार्क से होते हुए शा. बेनजीर महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली में बेनजीर कॉलेज, शासकीय हमीदिया कॉलेज, एवं सेम कॉलेज के लगभग 150 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। स्टूडेंट्स ने बैनर्स और पोस्टर्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

### एड्स से डरें नहीं, लड़ें

नेहरु युवा केन्द्र द्वारा एड्स डे के मौके पर संस्था के कार्यालय के सभागृह में विश्व एड्स दिवस एवं सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड फंदा एवं बैरसिया युवा, महिला मंडल के प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय युवा कोर के स्वयं सेवकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्रो. डॉ. ममता इक्का, डॉ. सुनील राजे आदि ने मौजूद थे।

### अभियान चलाकर किया अवेयर

आशा स्मिता फाउंडेशन द्वारा एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें भोपाल जिले के फंदा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कई क्षेत्रों के लोगों को बीमारी के प्रति अवेयर किया गया।

# सावधानी को बनाए रखो, एड्स से खुद को बचाए रखो

### हमीदिया महाविद्यालय में विश्व युवा दिवस के उपलक्ष्य में परिचर्चा



● जागरण रिपोर्टर ●

विश्व युवा दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एचआईवी/ एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'एचआईवी/एड्स शिक्षा क्यों जरूरी है' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता, परिचर्चा एवं शपथ का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य के लिए रहना चाहिए जागरुक

इस नारा लेखन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने नारा लेखन किया। प्राचार्य डॉ. पीके जैन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य ने छात्रों को विस्तार से एड्स जागरूकता पर जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए क्योंकि एड्स अभी भी हमारे लिए लाइलाज बीमारी है और सावधानी ही इसका बचाव है।



TheHitavada

BHOPAL ■ Friday ■ August 11 ■ 2017

## Recital of national anthem held at Hamidia College

MASS recital of national anthem was organised on the 75th anniversary of Quit India Movement at Government Hamidia Arts and Commerce College on Thursday. Principal Dr PK Jain, Dr Vikas Jaulkar, Dr RS Narvariya, Dr RP Shakya and other employees of the college and more than 200 students participated in the programme.

75th Anniversary of Quit India Movement

08/08/2017

- Mass recital of National Anthem at the college. Over 200 students and faculty members participate

International Biodiversity Day
22/05/2018
Oath taking to protect trees

6
भोपाल ॥ बुधवार 23 मई 2018
दैनिक सच एक्सप्रेस
सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

सच संक्षेप

## स्टूडेंट्स ने ली पेड़-पौधों को बचाने की शपथ



**भोपाल।** शा. हमीदिया महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय के उद्यान तथा परिसर में लगे हुए विभिन्न प्रकार की वनस्पति पेड़-पौधों के बारे में डॉ. आरएस नरवरिया ने जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि हमें हमारी वनस्पति का संरक्षण करना होगा जिससे भविष्य में आने वाली पीढ़ियां भी इनसे अवगत हो सके। जैसे विविधता पूर्ण संस्कृति हमारी विशेषता हैं वैसे ही पारिस्थितिक संतुलन के लिए जैवविविधता का होना आवश्यक है। वनस्पति, वन्यजीव और मनुष्य सहअस्तित्व बनाए रखते हुए ही जीवित रह सकते हैं, इसलिए हम सबको प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित करना जरूरी है। अंत में सभी छात्रों ने शपथ ली कि हम जैवविविधता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर शुभम चौहान, राहुल तिवारी, छात्रसंघ अध्यक्ष आशुतोष मालवीय सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

Bhopal . Wednesday
23/05/2018
पत्रिका
live 14 screen play 16

## दो छात्र हुए पुरस्कृत




मप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा छात्रों को जागरुक करने के उद्देश्य से जलवायु परिवर्तन जैवविविधता एवं मानव अस्तित्व विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें हमीदिया महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के छात्र विजय गहरवार ने प्रथम स्थान व मो. साबिर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा महाविद्यालय के उद्यानमें लगे विभिन्न पौधों के बारे में डॉ. आरएस नरवरिया ने जानकारी प्रदान की।

MP State Eco Tourism Board- Drawing competition on Climate change

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार
भोपाल, मंगलवार 12 जुलाई 2016
BHOPAL
movies • fashion • trends • lifestyle •

# नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश



नुक्कड़ नाटक करते राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य।

**World Population Day**

**11/07/2016**

- Street play and
- NSS Rally from Hamidia to Budhwara, message to society. Focus was on population control

Seminar, lecture, competitions on reading and writing in Hindi with message: ‘Feel Proud to Speak in the National Language’
4/10/2017

Competitions held during Hindi Pakhwara: 17.09.2017

पीपुल्स समाचार भोपाल, बुधवार 4 अक्टूबर 2017



## ‘आजाद देश में अभी भी गुलाम बनी हुई है हिंदी’

हमीदिया कॉलेज में हिंदी भाषा पर सेमिनार आयोजित

यंग रिपोर्टर • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

मारी मातृभाषा हिंदी होते हुए भी ग्रेजी को ज्यादा अच्छा मानते हैं हिंदी बोलने वाले को दोयम दर्जे पर रखते हैं। अंग्रेजी हमें वैचारिक रूप से गुलाम बनाए हुए हैं। यह बातें अनुराग और संस्थापक ‘मूषक एप’ ने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हिंदी भाषा पर आयोजित सेमिनार में कहीं। साथ ही वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक कृष्ण मोहन झा, डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, डॉ. मृदुला निगम, प्राध्यापक हिंदी विभाग डॉ. धर्मेंद्र पारे इत्यादि ने भी विचार रखें। गांधी जयंती 2 अक्टूबर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके जैन व मुख्य अतिथि अनुराग गौड़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक कौन है महाविद्यालय परिसर में श्रमदान ही किया तथा स्वच्छता ही सेवा की शपथ भी ली। कार्यक्रम का संचालन शुभम चौहान तथा आभार गब्बर सिंह ने व्यक्त किया।

पत्रिका भोपाल . बुधवार . 04.10.2017
पत्रिका
citylive 14 screen play 16

## हिन्दी के प्रति नहीं बदली पाई है समाज की मानसिकता



भोपाल • हमारी मातृभाषा हिंदी होते हुए भी हम अंग्रेजी को ज्यादा अच्छा मानते हैं। हिंदी बोलने वाले को दोयम दर्जे पर रखते हैं आज यही आम भारतीय की मानसिकता हो गई है। एक समय था जब अंग्रेजों ने हिंदुस्तान को राजनीतिक रूप से गुलाम बनाया था। आज अंग्रेजी हमें वैचारिक रूप से गुलाम बनाए हुए हैं। यह कितने शर्म की बात है कि अपने ही देश में हिंदी गुलामी की जंजीरों में जकड़ी हुई है। यह बातें ‘मूषक ऐप’ के अनुराग गौड़ ने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हिंदी भाषा पर आयोजित सेमिनार में कहीं। साथ ही वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक कृष्ण मोहन झा, डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, डॉ. मृदुला निगम, डॉ. धर्मेंद्र पारे ने भी विचार रखे। संचालन शुभम चौहान और आभार गब्बर सिंह ने व्यक्त किया। वहीं, महात्मा गांधी की जयंती पर एनएसएस कार्यकताओं ने श्रमदान किया।

नवभारत
2 भोपाल, रविवार, 17 सितम्बर, 2017

एक नजर में



## हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत 16 सितंबर को प्रश्न मंच एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें लगभग 150 छात्रों ने सहभागिता की. प्रश्न मंच में राहुल तिवारी, उमेश पंसारी, भवानी ठाकुर, धर्मेंद्र पटेल, दानिश शिवम शाक्य, घासीराम विजेता रहे. वहीं काव्य पाठ में दानिश खान, भवानी ठाकुर, शुभम चौहान, राहुल तिवारी, विजेता रहे. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पीके जैन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरएस नरवरिया डॉ आरण्पी शाक्य ने छात्रों को संबोधित किया कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने हस्ताक्षर हिंदी में करनी चाहिए और दैनिक जीवन में संवाद की भाषा हिंदी होना चाहिए हिंदी में जो अभिव्यक्ति होगी वह हमारी अभिव्यक्ति होगी

# World Cancer Day : 04.02.2017

Faculty and students participate in one-day Workshop. NGO, Voice of Tobacco Victims and Medical Officers Association, Bhopal coordinated

08 नवदुनिया
भोपाल, रविवार 05 फरवरी 2017



**विश्व कैंसर दिवस** हमीदिया कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में वाइस ऑफ टोबैको विक्टिम ने बताए कैंसर से बचने के तरीके

## 330 युवा रोज हो रहे तंबाकू की लत का शिकार

भोपाल। नवदुनिया न्यूज

मध्यप्रदेश में हर दिन 330 युवा तंबाकू खाने-पीने की लत का शिकार हो रहे हैं। इनमें करीब एक तिहाई यानी 100 से ज्यादा को भविष्य में कैंसर होने का खतरा रहता है। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे के आधार पर यह जानकारी कैंसर विशेषज्ञ डॉ. टीपी साहू ने यहां शनिवार को हमीदिया कॉलेज में दी। उन्होंने कहा कि विश्व में मुंह के कैंसर के सबसे ज्यादा मरीज भोपाल में हैं। इसकी बड़ी वजह तंबाकू, सिगरेट और गुटखा है।

वॉइस ऑफ टोबैको विक्टिम (वीओटीवी) मप्र मेडिकल ऑफीसर्स एसोसिएशन और राष्ट्रीय सेवा योजना ने मिलकर कार्यशाला का आयोजन किया था। इस दौरान डॉ. साहू ने कहा कि कैंसर के लक्षणों को शुरू में ही पहचान लिया जाए तो इस बीमारी को आसानी से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 60 से 70 फीसदी केस तीसरे और चौथे स्टेज में डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। तब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। मप्र मेडिकल ऑफीसर्स एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. ललित श्रीवास्तव ने कहा कि तंबाकू खाने-पीने वालों को कैंसर के अलावा हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर की बीमारी होने का खतरा भी रहता है। यह बात वीओटीवी के सर्वे में सामने आ चुकी है।



हमीदिया कॉलेज में कैंसर पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. ललित श्रीवास्तव।

### 200 मरीजों की जांच

भोपाल। विश्व कैंसर दिवस पर जेपी अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. यूडी सक्सेना ने कैंसर के 25 मरीजों की जांच की। इनमें लगभग आधे मरीज स्तन कैंसर के थे। इसी तरह से कार्सिनोमा, प्रोस्टेट कैंसर के मरीज भी देखे गए। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अनिल शुक्ला ने डायबिटीज के 222 मरीजों की जांच की। सिविल सर्जन डॉ. आईके चुघ ने कहा कि आधुनिक जीवन शैली में ये बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। कैंसर और डायबिटीज की शुरू में पहचान कर ली जाए तो ये आसानी से ठीक हो सकती हैं।

भोपाल, रविवार, 5 फरवरी, 2017 2

नव भारत

## विश्व कैंसर दिवस

यह कार्यक्रम वाईस ऑफ टूबैको विक्टिम एवं मप्र मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से आयोजित किया गया. महाविद्यालय के छात्रों ने जिज्ञासा भरे प्रश्न पूछकर जागरूकता का परिचय दिया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोना शुक्ला ने किया एवं स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन द्वारा किया गया.